बोली-पूर्व बैठक के कार्यवृत्त - बेंगलुरु में क्रेडिट स्लिप प्रणाली के माध्यम से दवाओं की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध

ई-निविदा सं: RBI/Bangalore Regional Office/Others/6/24-25/ET/964[Supply medicines at dispensary]

उपर्युक्त ई-निविदा के लिए बोली-पूर्व बैठक मार्च 24, 2025 को अपराह्न 03:30 बजे बैठक कक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय स्थापना अनुभाग, बेंगलुरु 560 001 में आयोजित की गई थी। सहभागियों का विवरण नीचे सूची में दिया गया है:

क्र.सं.	**फर्म का नाम**	**फर्मों के प्रतिनिधि**
01	एमामी फ्रैंक रॉस	श्री रमेश एन

क्र.सं.	**बैंक के अधिकारी**	**पदनाम**
01	श्रीमती चित्रा सुब्रमणियन	सहायक महाप्रबंधक
02	श्रीमती रुचिता डीसौजा	सहायक प्रबंधक

प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्न और बैंक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण नीचे सारणी में दिए गए हैं:

क्र.सं.	**बोली लगाने वाले द्वारा पूछा गया प्रश्न**	**प्रश्न के लिए दिया गया स्पष्टीकरण**
01	आपूर्ति की जाने वाली दवाओं का प्रकार	दवाओं का विवरण वेबसाइट और एमएसटीसी पोर्टल पर जारी/अपलोड किया गया है।
02	दवाओं के वितरण हेतु प्रस्तावित प्रणाली का विवरण	कर्मचारियों/सेवानिवृत्त लोगों को क्रेडिट स्लिप के माध्यम से दवाइयों की आपूर्ति की जाएगी एवं दवाओं की होम डिलीवरी की जाएगी।
03	एमएसटीसी पोर्टल पर बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि	अप्रैल 04, 2025

समापन टिप्पणी के दौरान, प्रतिभागियों को सूचित किया गया कि बोली लगाने से पहले निविदा दस्तावेज़ में दिए गए अनुदेशों को ध्यान से पढ़े। यह भी दोहराया गया कि केमिस्टों को निविदा दस्तावेजों में निर्धारित सभी संलग्नक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना चाहिए। इसके अलावा, निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समय-सीमा का सख्ती से पालन करने की भी सूचना दी गई।

टिप्पणी:

i) बोली-पूर्व बैठक के उपरोक्त विवरण बोली दस्तावेज़/करार का हिस्सा बनेंगे।

ii) निविदा दस्तावेज़ के शेष नियम एवं शर्तें तथा विनिर्देशन पूर्ववत बने रहेंगे।

iii) उपरोक्त संशोधन/स्पष्टीकरण सभी इच्छुक केमिस्टों की जानकारी के लिए जारी किए जा रहे हैं।

iv) फर्म द्वारा बोली प्रस्तुत करना निविदा दस्तावेज़ और ऊपर दिए गए संशोधनों/स्पष्टीकरणों के अनुरूप माना जाएगा।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक
कर्नाटक